# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण)
औद्योगिक क्षेत्र,खलीलाबाद, जनपद- संत कबीर नगर।
kabirnagar@gmail.comcdsant -mail I.D:-E, -:mail I.D-E eeruralskngmail.com@,

पत्रांक 824 / W-05 / 116 दिनांक 07/09/2026


सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक महोदय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय:- दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 27.08.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सादर अवगत कराना है कि दिनांक 27.08.2026 दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर ***"हर घर जल मिशन योजना अधूरी संतकबीरनगर के बरगदवा कला में ठप निर्माण से ग्रामीण सुविधाओं से वंचित"*** के क्रम में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत वि0ख0- वेलहर कला में **बरगदवा कला पेयजल योजना** पर ओवरहेड टैंक का कार्य 70 प्रतिशत पूर्ण है, पम्प हाउस का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण है, बाउण्ड्रीवाल का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण है , पाइपलाइन का कार्य 3590 मी० के सापेक्ष 3590 मी० पूर्ण है एवं गृह संयोजन का कार्य 299 नग के सापेक्ष 210 नग पूर्ण कर लिया गया है, वर्तमान में अवशेष कार्य कराया जा रहा है । जिसे मार्च 2027 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।





सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(महेन्द्र राम)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०स० एवं दिनांक तदैव-

**प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. जिलाधिकारी महोदय, संतकबीरनगर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, संतकबीरनगर।
3. जिला सूचना अधिकारी, संतकबीरनगर।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बस्ती।
5. संबंधित सहायक अभियन्ता / जू0इं0।

अधिशासी अभियन्ता

दैनिक भास्कर
दिनांक: 27/08/26

अनिरुद्ध / चन्द्रशेखर

# हर घर जल मिशन योजना अधूरी:संतकबीर नगर के बरगदवा कला में ठप निर्माण से ग्रामीण सुविधाओं से वंचित

कृष्ण चंद चौधरी | बेलहर कला(संत कबीर नगर)11 दिन पहले

हर घर जल मिशन योजना अधूरी।

संतकबीरनगर के बेलहर क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत बरगदवा कला में 'हर घर जल मिशन' योजना का निर्माण कार्य लंबे समय से रुका हुआ है। पानी की टंकी का निर्माण कार्य अधर में लटकने के कारण ग्रामीणों को इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, योजना की शुरुआत तो की गई थी, लेकिन कुछ समय बाद ही काम रोक दिया गया। पानी की टंकी का ढांचा अधूरा पड़ा है और गांव में पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी पूरा नहीं हो सका है।





इस अधूरे कार्य के कारण आज भी बरगदवा कला के निवासियों को पीने के पानी के लिए हैंडपंप और अन्य पारंपरिक जल स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। इससे ग्रामीणों में असंतोष है।

स्थानीय लोगों ने इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग और ग्राम पंचायत के अधिकारियों को अवगत कराया है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि हर घर तक शुद्ध पेयजल की सुविधा पहुंच सके।

स्थानीय निवासी पिन्टू लाल, हबीबुल्लाह, गिरीशचंद्र, गोप्तार और मेघा सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से इस व्यवस्था को शीघ्र दुरुस्त करने की अपील की है।